**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल से कु0 सानिया मुन्नवर ने भेंट की

लखनऊः 28 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में यूनाइटेड नेशन्स में समर यूथ एसेम्बली से हिस्सा लेकर लौटी कु0 सानिया मुन्नवर ने भेंट की। भेंट के दौरान कु0 सानिया मुन्नवर की माता श्रीमती आयशा और पिता श्री मुन्नवर अंजार भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कु0 सानिया को अपनी पुस्तक 'चरैवेति!चरैवेति!' की अंग्रेजी प्रति भेंट की। श्री मुन्नवर अंजार ने राज्यपाल को दिव्यांग खिलाड़ियों को सामान्य खिलाड़ियों की भांति सुविधाएं देने के संबंध में एक ज्ञापन भी दिया।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ के ला मार्टिनियर गर्ल्स कालेज की पूर्व छात्रा कु0 सानिया मुन्नवर बिप्पु, जापान की रित्सुमेकन एशिया पैस्फिक यूनिवर्सिटी में इन्टरनेशनल रिलेशन एण्ड पीस स्टडीज की पढ़ाई कर रही हैं। कु0 सानिया का चयन 9 से 13 अगस्त, 2017 तक यूनाइटेड नेशन्स में आयोजित समर यूथ एसेम्बली में डेलीगेट के रूप में हुआ था, जिसमें कु0 सानिया ने हिस्सा लिया। इसके लिये उन्हें 'आउट स्टैन्डिंग डेलीगेट 2017' पदक भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अब कु0 सानिया 10 मेम्बर टीम का नेतृत्व करेंगी, जो कि भारत के 7 शहरों में जाकर यूनाइटेड नेशन्स के विभिन्न एस0डी0जी0 पर काम करेंगी और भारत के साथ ही यूनाइटेड नेशन्स को अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करेंगी। इसके लिये कु0 सानिया को 4000 यू0एस0 डालर की स्का ॅलरशिप भी प्रदान की गई है।

----

अंजुम/ललित/राजभवन (324/40)






प्रदेश के राज्यपाल
25-05-1993 - 03-05-1996
03-05-1996 - 19-07-1996
19-07-1996 - 17-03-1998
17-03-1998 - 19-04-1998
20-04-1998 - 23-11-2000
24-11-2000 - 03-07-2004
03-07-2004 - 08-07-2004
08-07-2004 - 27-07-2009
28-07-2009 - 23-06-2014
23-06-2014 - 22-07-2014
22-07-2014 - वर्तमान मे